## खबर संक्षेप

### हादसे में बाइक सवार युवक की हुई मौत

**कटनी।** स्लीमनाबाद क्षेत्र के अंतर्गत बायपास में सोमवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार युवक अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था तभी स्लीमनाबाद बायपास के पास एक अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही सांसें थम गईं। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा। राहगीरों की सूचना पर स्लीमनाबाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिस द्वारा शुरुआती शिनाख्त में मृतक की पहचान राजेश रजक पिता मुरारी रजक निवासी ग्राम छोटी कोनी, गोसलपुर के रूप में की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भिजवा दिया है।

### चीतल का शिकार करने वाले तीन गिरफ्तार, तीन अन्य फरार



**कटनी।** विजयराघवगढ़ वन परिक्षेत्र में चीतल का शिकार करने वाले तीन आरोपियों को वन कर्मचारियों ने गिरफ्तार किया है, जबकि तीन अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। घटना 28 फरवरी 2026 की रात लगभग 10 बजे की है। बरहटा बीट के कक्ष क्रमांक RF-47 में कुछ शिकारियों ने पालतू कुत्तों का इस्तेमाल कर एक चीतल को मार गिराया। शिकार के बाद आरोपी मांस के साथ पार्टी मनाने की तैयारी में थे। वन विभाग की टीम को इसकी गुप्त सूचना मिली। अधिकारियों ने मौके पर घेराबंदी की। टीम को देखते ही शिकारियों में हड़कंप मच गया। मौके से 3 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है जबकि 3 आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश में वन विभाग की टीमें दबिश दे रही हैं। आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया।

### कुत्ते के काटने से किशोर की इलाज दौरान मौत

**कटनी।** बाकल थाना अंतर्गत ग्राम रक्सेहा में आवारा कुत्ते के हमले से घायल हुए 16 वर्षीय किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रक्सेहा निवासी छोटे सिंह गोड़ को बीते 13 फरवरी की दोपहर एक कुत्ते ने काट लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे बेहतर उपचार के लिए जबलपुर के मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लगभग 15 दिनों तक चले इलाज के बाद, किशोर की स्थिति में सुधार नहीं हुआ और 1 मार्च की रात उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल की सूचना पर थाना बाकल पुलिस ने मर्ग दर्ज किया है।

## शहर सहित ग्रामीण अंचलों में होलिका दहन के पश्चात पर्व की दी शुभकामनायें

# रंगों का पर्व होली : पिचकारियों से छूटेगा सतरंगी रंग, उड़ेगा गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सोमवार की रात शहर सहित ग्रामीण अंचलों में जगह जगह होलिका दहन किया गया। कहीं राख तो कहीं रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को पर्व की बधाई दी गई। होली पर्व को लेकर लोगों में उत्साह नजर आ रहा है। होली पर्व को लेकर बाजार में लोगों की चहल पहल बनी रही। धुरेड़ी पर्व को लेकर बच्चे से युवाओं में होली को लेकर खुशी का माहौल नजर आ रहा है। नगर में कई जगह होली मिलन समारोह, तो कहीं मंदिरों में ढोलक की थाप तथा झाल की झंकार पर फगुआ गाकर लोग होली त्योहार का आनंद उठा रहे हैं। बच्चों में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। सोमवार को बच्चे अभिभावकों के साथ रंग-अबीर व पिचकारियों की दुकानों में खरीदारी करते नजर आये। खरीदारी के लिए दुकानों पर देर शाम तक भीड़ लगी रही। इसके अलावा रेडिमेड कपड़ों की दुकानों



सहित मिष्ठान प्रतिष्ठानों पर भी लोगों की काफी भीड़ नजर आई। हर कोई होली की तैयारियों में जुटा रहा। खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ जुटी रही है। लोग अपने-अपने पसंद के मुताबिक रंग, गुलाल व पिचकारी की खरीदारी करते नजर आए।

होलिकोत्सव के मौके पर दो दिवसीय अवकाश होने से खुशियां दोगुनी हो गई है। खासकर नौकरी पेशा व व्यापारी वर्ग युवा वर्ग होली को यादगार बनाने की पुरजोर कोशिश में है। होली पर्व के दौरान हुल्लड़बाजों एवं बदमाशों पर नजर रखने शहर सहित ग्रामीण अंचलों में पुलिस की चौकस निगाहें है। पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने जगह जगह पुलिस बल तैनात किया गया है।

### होली पर्व की पौराणिक कथा

होली का त्यौहार प्रहलाद और होलिका की कथा से भी जुडा हुआ है। प्रहलाद के पिता हिरण्यकश्यपु नास्तिक थे। वह चाहते थे कि उनका पुत्र भगवान नारायण की आराधना छोड़ दे। परन्तु प्रहलाद इस बात के लिये तैयार नहीं था। हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को प्रहलाद के साथ आग में बैठने को कहा। होलिका को यह वरदान प्राप्त था कि वह आग में नहीं जलेगी। परन्तु होलिका का यह वरदान उस समय समाप्त हो गया जब उसने भगवान भक्त प्रहलाद को आग में जलाने करने का प्रयत्न किया। होलिका अग्नि में जल गई परन्तु नारायण की कृपा से प्रहलाद का बाल भी बांका नहीं हुआ।

### लकड़ी तो कहीं उपलों से होलिका दहन

सोमवार की रात में होलिका दहन किया गया। होलिका दहन में गोबर के उपलों को कहीं लकड़ियों से होलिका दहन की गई। पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए लोगों में आई जागरूकता का असर दिखाई दे रहा है जबकि पूर्व वर्षों में कई स्थानों पर प्लास्टिक, टायर व अन्य सामग्री जलाने से न केवल वायु प्रदूषण होता है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर इसका बुरा असर पड़ता है। प्रशासन अपील पर इस वर्ष शहर के अधिकांश जगह गोबर के उपले की होली जलाई गई। कीचड़- मिट्टी एवं रंग - गुलाल खेलने के दौरान विशेष सावधानी बरतने की जरुरत है। थोड़ी सी चूक के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।



## सीईओ ने ली समीक्षा बैठक, डोर टू डोर जाकर बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाना सुनिश्चित करें ताकि आर्थिक रूप से निर्धन एवं जरूरतमंद नागरिकों को इस योजना के अंतर्गत इलाज कराने में सहूलियत के साथ आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके। विशेषकर 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को चिन्हित कर शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाएं। इस आशय के निर्देश जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी ने, खंड चिकित्सा अधिकारी, सीएचओ और ग्राम रोजगार सहायकों की उपस्थिति में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा समय सीमा की बैठक में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को आयुष्मान कार्ड कार्य में प्रगति लाने हेतु समय-समय पर निर्देशित किया है और निरंतर प्रगति की समीक्षा दी जा रही है। जनपद पंचायत के सीईओ ने बताया कि जिन ग्राम रोजगार सहायकों की आईडी एक्टिव नहीं है उनके प्रस्ताव बीएमओ को भेजे गए हैं। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के मार्गदर्शन में सीएचओ ग्राम रोजगार सहायक एवं कोटवारो का संयुक्त दल गठित करके घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को अस्वस्थ होने की दशा में आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके।

## शिववास और धृति योग में हुआ होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

मोरे राम की महिमा, बच गए प्रह्लाद, जल गईं होलिका जैसे सुमधुर फाग गीतों के बीच में सोमवार की रात्रि शिववास ओर धृति योग पर स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलो मै जगह-जगह शुभ मुहूर्त पर होलिका दहन किया गया। इसके पूर्व होलिका की पूजा-अर्चना की गई। होली के गीतों की प्रस्तुति दी। लोगों ने गीतों पर थिरककर खुशियां मनाई। इसी के साथ पांच दिवसीय रंगोत्सव पर्व शुरु हो गया। होली पर्व को लेकर जगह-जगह रंग-गुलाल, पिचकारी, मुखौटे, शक्कर के पाक से बनी मिठाई की माला की दुकानें सजी रही। सोमवार को पूरे दिन बाजार में चहल-पहल नजर आई।

होली पर्व को लेकर जगह-जगह होलिका दहन की तैयारियां की गई थी। शुभ मुहुर्त पर रात्रि में प्राचीन परम्परानुसार प्रमुख व्यक्ति के घर से आरती की थाल सजाकर लाई गई। होलिका दहन स्थल पर पहुंचकर पूजा-अर्चना की गई। होलिका के बीच बांस का डंडा लगाया गया। डंडे में श्रीफल व मिठाइयां बांधकर होली जलाई गई। इसी के साथ पांच दिवसीय रंगोत्सव का पर्व प्रारंभ हो गया। 4 मार्च बुधवार को धुलेड़ी मनाई जाएगी। सार्वजनिक रुप से चौक-चौराहों के अलावा गली मोहल्लों में भी बच्चों व युवाओं की टोली ने होलिका दहन किया। एक दूसरे को गुलाल का तिलक लगाकर होली पर्व की बधाईयां दी।



होली के रंग में भंग न पड़े, इसके लिए पुलिस विभाग ने भी तैयारी कर ली है। थाना स्लीमनाबाद क्षेत्र मैं अमन-चैन बना रहे इसके लिए फिक्स प्वॉइंट चिन्हित कर लिए गए है। साथ थाना क्षेत्र के लिए अतिरिक्त पेट्रोलिंग मोबाइल की भी व्यवस्था की गई है।पुलिस कर्मियों के साथ पुलिस विभाग के बड़े अधिकारी भी थाना क्षेत्रों का निरीक्षण कर शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दे रहे है। सोमवार की शाम स्लीमनाबाद में थाना प्रभारी सुदेश सुमन तो बहोरीबंद में थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने पुलिस कर्मियों के साथ थाना क्षेत्र मैं पेट्रोलिंग की।थाना प्रभारी सुदेश सुमन ने बताया कि होली पर्व को लेकर पुलिस अपराधियों की कुंडली तैयार कर रही है। पर्व पर विवाद करने वालों को चिह्नित कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी। हॉट स्पॉट्स भी चिह्नित कर लिए गए हैं, जिससे वहां सतत निगरानी की जा सके।

## भंडारे के साथ शिवरूद्र महायज्ञ का हुआ समापन



खंदवारा स्थित सिद्धेश्वर धाम में आयोजित ग्यारह कुण्डी शिवरुद्र महायज्ञ का समापन हवन-भण्डारे के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने हवन में आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की।भण्डारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।यज्ञाचार्य पं. गोविंद प्रसाद मिश्रा के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधानपूर्वक यज्ञ की पूर्णाहुति दी गई।इस दौरान कथा व्यास साध्वी प्रेमलता जी ने भगवान शिव की महिमा का विस्तृत वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, आस्था और सदाचार का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिवभक्ति से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक शांति का संचार होता है। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन पूजन और धार्मिक प्रवचन आयोजित किए गए, जिनमें क्षेत्रभर से श्रद्धालु शामिल हुए।

## शराब की अवैध बिक्री एवं सार्वजनिक स्थानों में सुरापान करने वालों को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के विभिन्न थानों क्षेत्रों में पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री और नशाखोरी के खिलाफ अभियान चलाया। कोतवाली, माधवनगर, एनकेजे, रंगनाथ नगर, कुठला, बहोरीबंद, उमरियापान, ढीमरखेड़ा, बड़वारा, रीठी और बाकल क्षेत्रों में 32 मामले दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा गया है।

कोतवाली पुलिस ने बरही नाका चौराहे पर अरुण साहनी को सड़क किनारे शराब पीते पकड़ा। वहीं, रंगनाथ नगर पुलिस ने छपरवाह गार्डन के अंदर और पास से शुभम कोरी और राहुल चौधरी को गोवा शराब के साथ गिरफ्तार किया। उमरियापान और ढीमरखेड़ा पुलिस ने ग्राम पड़रिया खुर्द, रामपुर फॉरेस्ट नाका और मुरवारी जैसे इलाकों में दबिश दी, जहाँ भरतलाल कुर्मी, अभिषेक श्रीवास, सुजीत कोल और जयकरण लोधी सहित अन्य लोगों को शराब पीते पकड़ा गया।

माधवनगर और बहोरीबंद पुलिस ने उन दुकानदारों पर कार्रवाई की जो अवैध रूप से अपनी दुकानों या ठेलों पर शराब पिलाने की सुविधा दे रहे थे। माधवनगर के मेन बाजार और कुम्हार मोहल्ला में नरेंद्र जैसवाल, दिनेश जयसिंघानी, अमित कुशवाहा और दीपक चक्रवर्ती जैसे आरोपियों को पुलिस ने तब दबोचा जब वे ग्राहकों को डिस्पोजल गिलास और नमकीन के साथ शराब परोस रहे थे। इसी तरह, बहोरीबंद के ग्राम कुआं और बचैया में नवाब खान, विनोद रजक, जयकुमार बर्मन और सोनू उर्फ संतोष ढीमर को अपनी अंडा दुकानों और होटलों में अवैध शराब पिलाते हुए पकड़ा गया।

एन.के.जे. पुलिस ने ग्राम पौड़ी में सोनू केवट के घर दबिश देकर 90 पाव (39 पाव प्लेन और 51 पाव मसाला) अवैध शराब जब्त की, जिसकी कीमत लगभग 6,810 रुपये आंकी गई है। इसी तरह बड़वारा पुलिस ने ग्राम देवरी में रवि सिंह रघुवंशी और रमेश पटेल के पास से कुल 70 पाव लाल मसाला शराब जब्त की। बाकल पुलिस ने भी ग्राम पटीराजा में आशा बाई यादव के पास से 4 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में देशी मसाला/प्लेन शराब के पाव, गोवा व्हिस्की, कच्ची शराब, बड़ी संख्या में डिस्पोजल गिलास, पानी के पाउच, नमकीन के पैकेट और शराब की बिक्री से प्राप्त नगद राशि जब्त की है।

## आयुक्त एवं सीईओ ने निर्माणाधीन जी प्लस टू ई-लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

**गुणवत्ता के साथ शेष बचे कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के दिये निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

के.सी.एस. स्कूल परिसर में डी.एफ.एफ मद से 101.74 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन जी प्लस टू ई-लाइब्रेरी भवन का सोमवार शाम संयुक्त रूप से निरीक्षण नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहा एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती हरसिमरन प्रीत कौर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा की समीक्षा कर शेष कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से साथ शीघ्र पूर्ण करानें के निर्देश अधिकारियों एवं कार्य एजेंसी के प्रतिनिधि को दिए।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री असित खरे एवं क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा ने बताया कि डीएमएफ मद से 2092 वर्ग फुट पर दो तल की ई- लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है जिसके प्रथम तल मे 8 बाई 8 वर्ग फुट के दो बाथरूम की सुविधा सहित कुल छात्रों की बैठक क्षमता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। निगमायुक्त सुश्री परिहार एवं सीईओ श्रीमती कौर द्वारा ई- लाईब्रेरी में कराये जा चुके कुल कार्य का अवलोकन करते हुए कार्य के भुगतान की वर्तमान स्थिति तथा शेष कार्य में खर्च होने वाली अतिरिक्त राशि की जानकारी लेते हुए अधिकारियों एवं संबंधित कार्यपालन एजेंसी को निर्देशित किया कि शेष निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल संसाधनों से युक्त ई-लाइब्रेरी सुविधा समय पर उपलब्ध हो सके। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए इस दौरान तकनीकी अमला भी उपस्थित रहा तथा निर्माण से संबंधित आवश्यक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।



निगमायुक्त एवं सीईओ ने स्पष्ट किया कि यह परियोजना विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास एवं डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, अतः कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री लोक निर्माण विभाग जे.पी.पटेल, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, उपयंत्री जायेन्द्र प्रताप सिंह, निर्माण एजेंसी के श्री नाकरा मौजूद रहे।

## जिम्मेदारी और प्राकृतिक रंगों के उपयोग के साथ मनाये उत्सव

# मर्यादा के साथ मनाएं पर्व, ऐसा कुछ न करें जिससे किसी की भावनाएं आहत हों

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने रंगों के पावन पर्व होली पर नगरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता का जीवंत प्रतीक है। यह पर्व भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा को दर्शाता है, जहां विविधता में एकता और परस्पर सम्मान की भावना सर्वोपरि रहती है। होली हमें पुरानी कटुताओं को भुलाकर नई ऊर्जा, नए उत्साह और नई सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि होली का रंग तभी सच्चा माना जाएगा, जब समाज के प्रत्येक वर्ग के चेहरे पर मुस्कान हो। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे उत्सव को गरिमा और मर्यादा के साथ मनाएं तथा ऐसे किसी भी आचरण से बचें जिससे किसी की भावनाएं आहत हों। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी संबंधों को मजबूत करने का अवसर होते हैं, इसलिए हमें प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि होली के अवसर पर जल संरक्षण का विशेष ध्यान रखें, प्राकृतिक एवं सुरक्षित रंगों का प्रयोग करें तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों से दूर रहें। साथ ही उन्होंने नगर वासियों से नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करने, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने और जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देने की अपील की।





महापौर ने जानकारी दी कि होली पर्व को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है ताकि त्योहार के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी सुरक्षित एवं आनंदमय वातावरण में उत्सव मना सकें। अपने संदेश में उन्होंने यह भी कहा कि होली का पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की विजय, सकारात्मक सोच और सामाजिक एकजुटता का संदेश देता है। यह अवसर है जब हम समाज में भाईचारे, सहयोग और विश्वास की भावना को और अधिक सुदृढ़ करें।

अंत में महापौर श्रीमती सूरी ने कामना की कि रंगों का यह महापर्व प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए। साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नगरवासी एकता, सौहार्द और जिम्मेदारी के साथ होली मना कर हमारे शहर को विकास, स्वच्छता और प्रगति के नए आयामों तक पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## होली पर्व में सुरक्षा एवं शांति के लिये कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की लगी ड्यूटी

**कटनी।** होली, धुरेड़ी एवं भाईदूज त्यौहार के मद्देनजर जनसामान्य की अत्यधिक भीड़ को दृष्टिगत रखते हुये जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर 2 मार्च से 5 मार्च तक कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 2-3 मार्च को होलिका दहन, 4 मार्च धुरेडी एवं 5 मार्च को भाईदूज का त्योहर कटनी जिले के अन्तर्गत सभी प्रमुख स्थानों में मनाया जावेगा। जारी आदेश के अनुसार तहसीलदार कटनी (शहरी) एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट (गैर न्यायालयीन) संदीप सिंह, नायब तहसीलदार कटनी (नगर) एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट साक्षी शुक्ला, नायब तहसीलदार, (ग्रामीण) एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सम्पूर्ण तहसील ग्रामीण आशीष कुमार चतुर्वेदी की ड्यूटी संबंधित तहसील क्षेत्रांतर्गत लगाई गई है। नजूल तहसीलदार कटनी सुश्री नेहा जैन की ड्यूटी पुलिस कन्ट्रोल रूम कटनी में लगाई गई है। कलेक्टर ने सम्पूर्ण व्यवस्था का प्रभारी उपखण्ड मजिस्ट्रेट कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी को बनाया है। श्री चतुर्वेदी को समय-समय पर शांति व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिये हैं। आदेश में कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी (रा.) विजयराघवगढ़, बहोरीबंद और ढीमरखेडा को निर्देशित किया है कि ये अपने अनुभाग एवं तहसील क्षेत्रान्तर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ड्यूटी सुनिश्चित करें।



## खबर संक्षेप

### जिले में पहुंची 355 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया

**कटनी।** रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैकझुकेही रैक प्वा इंट पर आ गई है। इससे जिले को 355 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। जिले में उर्वरक की पर्याप्ता उपलब्धसता हो गई है और किसानों को जरूरत के मुताबिक पर्याप्त खाद मिल सकेगी। जिला विपणन अधिकारी आनन्दं नारायण पांडे ने बताया कि आई रैक से कटनी डबल लॉक केन्द्र, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्री के लिए 50-50मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की गई है। इसी प्रकार जिला सहकारी केन्द्री य बैंक कटनी को 155 मीट्रिक टन और एमपी एग्रो कटनी को 50 मीट्रिक टन खाद मिली है। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एवं बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 एवं 220071 पर दे सकते हैं।

### कलेक्टर ने होली पर किया शुष्क दिवस घोषित

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने होली पर्व के परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था की दृष्टि से मंगलवार 3 मार्च की रात्रि 11.30 बजे से बुधवार 4 मार्च (धुरेडी जिस दिन रंग खेला जावेगा) को संपूर्ण दिवस हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। इस अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफ.एल.-2 रेस्तरा बार, एफ.एल.-3 होटल बार, एफ.एल.-4 क्लब बार एवं वाईन शॉप परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे। कलेक्टर श्री तिवारी ने आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग को आंशिक शुष्क दिवस घोषणा संबंधी आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस अवधि के दौरान जिले में अवैध रूप से मदिरा के आयात-निर्यात, परिवहन, विनिर्माण, संग्रहण, कब्जा एवं विक्रय इत्यादि पर रोक लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

### होली पर्व में 4 मार्च को भी सार्वजनिक अवकाश

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 4 मार्च को भी निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट-1881 के अधीन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा होली के पावन पर्व पर पूर्व में 3 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जा चुका है।

### किसान 20 मार्च तक करा सकेंगे पंजीयन

**कटनी।** समर्थन मूल्य पर ई-उपार्जन पोर्टल पर सरसों का पंजीयन प्रारंभ है। कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे 20 मार्च तक अपना पंजीयन करा लेंवे। कलेक्टर के निर्देश पर जिले में गेहूँ पंजीयन के लिए निर्धारित 55 पंजीयन केन्द्रों में ही सरसों का पंजीयन किया जा रहा है।

## स्वरोजगार योजनाओं में लक्ष्य पूर्ति करने बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

# तय समय सीमा में कार्य नहीं करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जनपद पंचायतों के सीईओ और पंचायत सचिवों से समन्वय कर स्कूलों और पंचायतों में एचपीवी टीकाकरण हेतु विशेष कैंप लगायें। इन कैंपों में मेडिकल ऑफिसर की उपस्थिति भी सुनिश्चित करें। इसके अलावा विभिन्न विभागों की लंबित राजस्व वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को यह निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये। साथ ही उन्होंने सीएमएचओ को सभी बीएमओ को लक्ष्य अनुसार एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार और अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा मौजूद रहे।

बैठक के दौरान समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा करते हुये कलेक्टर श्री तिवारी ने जनपद पंचायत बड़वारा और ढीमरखेड़ा को ई-केवाईसी कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुये सभी विभागों को प्राप्त नवीन आवेदनों को पोर्टल में दर्ज करने और निराकृत प्रकरणों को पोर्टल में अपडेट करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान सहायक आयुक्त आदिमजाति विमल चौरसिया ने बताया कि अब तक विद्यार्थियों का 65 प्रतिशत ओटीआर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) किया जा चुका है। कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी सीडीपीओ को जनपद पंचायतों से समन्वय कर डिलीट हुई लाड़ली लक्ष्मी हितग्राहियों के समग्र रिवोक करने के निर्देश दिए।

### ...तो सचिवों पर करें कार्यवाही

कलेक्टर श्री तिवारी ने लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा से बाह्य मामलों में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र देने वाले पंचायत सचिवों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री तिवारी ने प्रधानमंत्री कृषक मित्र योजना के तहत सोलर पंप वितरण के लिए चिनहित किसानों से संपर्क कर लक्ष्य पूर्ति के निर्देश कृषि विभाग के एसएडीओ को दिये।

कलेक्टर ने मृत वनपट्टाधारियों का फौती नामांतरण करने हेतु वन विभाग के रेंजर्स को प्रशिक्षण दिलानें के निर्देश दिये। ताकि वारिसानो के नाम पर पट्टा जारी करने हेतु वारिसानों की फार्मर आईडी बनाने का कार्य किया जा सके। कलेक्टर ने ई-विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण हेतु जिले की सभी 54 पैक्स समितियां ऑन बोर्ड पंजीकरण करने के निर्देश सहकारिता विभाग को दिये।

जिला पेंशन अधिकारी ने बताया कि 15 पेंशन प्रकरण निराकृत होने योग्य हैं, जबकि 28 प्रकरण या तो न्यायालय में लंबित है या उनमें तकनीकी समस्यायें हैं। सबसे अधिक लंबित पेंशन प्रकरण शिक्षा विभाग के अंतर्गत है, जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने शिक्षा विभाग को पेंशन अधिकारी से समन्वय कर प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

### स्वरोजगार योजनाओं में लायें प्रगति

कलेक्टर ने स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षाओं के दौरान नगरीय निकायों की पीएम स्वनिधि, आदिम जाति कल्याण विभाग की संत रविदास स्वरोजगार योजना, भीमराव अंबेडकर योजना, टंट्या मामा और भगवान बिरसामुंडा स्वरोजगार युवाओं के लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति करने सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग को निर्देशित किया। कलेक्टर ने उद्यागिकी विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना में स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित करने की हिदायत दी। उन्होंने उद्योग विभाग की पीएम विश्वकर्मा योजना में भी प्रगति लाने के निर्देश दिये।



## कन्या महाविद्यालय में छात्राओं ने लगाई हर्बल कलर की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में होली के अवसर पर एक सुंदर और पर्यावरण-अनुकूल आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में इको क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं ने हर्बल कलर (प्राकृतिक रंग) की प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाया।

इस प्रदर्शनी में छात्राओं ने सभी से अपील की कि होली पर रासायनिक रंगों के बजाय प्राकृतिक वस्तुओं से बने रंगों का उपयोग करें। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं द्वारा तैयार किए गए प्राकृतिक रंगों की खूब सराहना की। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक रंग त्वचा के लिए लाभदायक होते हैं, जबकि रासायनिक रंग त्वचा, आँखों और बालों को नुकसान पहुँचा सकते हैं।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. कुमुद श्रीवास्तव ने भी छात्राओं का मार्गदर्शन किया और उनके प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने रंग बनाने में उपयोग किए गए पदार्थों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी छात्राओं से हर्बल कलर बनाने की विधि जानी।

छात्राओं ने बताया कि उन्होंने पालक, गाजर, हल्दी, बेसन, चंदन ,पलाश, गुलाब, गेंदा, जैस्मिन, चावल, मैदा, चुकंदर, संतरे के छिलके, अपराजिता के फूल, गुड़हल के फूल आदि प्राकृतिक पदार्थों का उपयोग कर रंग तैयार किए हैं। इको क्लब प्रभारी डॉ. रीना मिश्रा ने छात्राओं के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में इसे लघु उद्योग के रूप में विकसित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने दोहराया कि हर्बल कलर त्वचा, आँखों या बालों को कोई नुकसान नहीं पहुँचाते, जबकि बाजार के सस्ते रासायनिक रंग शरीर को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष हानि पहुँचाते हैं।

### पोषण समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिये आवश्यक निर्देश

# लाड़ली लक्ष्मी एवं मातृ वंदना योजना की शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करें। साथ ही मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना की हितग्राही बालिकाओं का शत-प्रतिशत समग्र सत्यापन करें एवं समग्र सत्यापन में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु परियोजना अधिकारी सम्बन्धित जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से समन्वय कर विशेष कैंप का आयोजन करें।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश जिला पोषण समिति की बैठक में दिये। इस दौरान जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।

बैठक में कलेक्टरर श्री तिवारी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की द्वितीय फेज की नियुक्ति प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टजर श्री तिवारी ने भवनहीन, मरम्मत योग्य एवं जर्जर आंगनवाड़ी केंद्र भवनों को चिन्हांकित कर निर्माण एवं मरम्मत के प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिये। साथ ही अप्रारम्भ आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण प्रारम्भ कर उन्हें समयबद्ध रूप से पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में कुपोषित बच्चों का सही चिन्हाँकन सुनिश्चित करने एवं परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को आंगनवाड़ी केंद्रों का सतत भ्रमण कर वजन सत्यापन करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने पोषण पुनर्वास केंद्रों (एनआरसी) में एवं विशेष रूप से जिला चिकित्सालय एनआरसी में शत प्रतिशत बेड ओक्यूपैंसी सुनिश्चित करने महिला एवं बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग को समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने 3 से 6 वर्ष के बच्चों का आंगनवाड़ी केंद्रों में शत-प्रतिशत पंजीयन, सभी पात्र हितग्राहियों को पूरक पोषण आहार उपलब्ध करवाने, आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को नियमित और अच्छी गुणवत्ता की शाला पूर्व शिक्षा प्रदान करने एवं समुदाय आधारित गतिविधियों के नियमित आयोजन किये जाने के निर्देश दिये।

## सीईओ ने ग्राम पंचायतों का किया औचक निरीक्षण



ग्रीष्म काल में नागरिकों को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी ने ग्राम पंचायत हरदी, घुघरी और महनेर ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण कर जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर आशीष तिवारी एवं जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने नागरिकों की समस्याओं का तत्परता पूर्वक निराकरण कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। गत दिवस जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ श्री कोरी ने सुदृढ़ पेयजल व्यवस्था और सुचारू संचालन हेतु डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को जाना। श्री कोरी ने समस्याओं के निराकरण हेतु तत्परता पूर्वक संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। गौर तलब है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं को पूर्ण कर उक्त ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित किए जाने हेतु प्रस्तावित किया गया है। जनपद पंचायत के सीईओ ने सभी घरों नल कनेक्शन, पाइपलाइन से जल सप्लाई के साथ अन्य अधूरे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## नशे से रहें दूर, शिक्षा ग्रहण करने पर दें जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भक्त शिरोमणि माता शबरी जयंती के अवसर पर कोल ट्राइब फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित भंडारा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम झुरही टोला स्थित शबरी माता मंदिर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा की उपस्थिति रही। उन्होंने माता शबरी के मंदिर में पूजा अर्चना की और भगवान भोलेनाथ के प्राचीन मंदिर में मत्था टेककर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

उन्होंने सभी सामाजिक बंधुओं को माता शबरी जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी को एकजुट होकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। हमे अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। राष्ट्र के निर्माण में सभी का सहयोग आवश्यक है और ग्राम, शहर और जिले के विकास के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को संकल्पित रहना चाहिए। श्री विश्वकर्मा ने माता शबरी की जीवनी पर भी अपने विचार व्यक्त करते हुए आदिवासी समुदाय को शुभकामनाएं दी।

मंच पर अन्य अतिथियों के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीराम पटेल, भाजपा नेता विजय दुबे, सरपंच छुट्टू कोल, नीरज पांडे, नरेश बजाज, विनोद बड़गैंया सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में सूरज प्रसाद कोल, अजय कोल, घूमनदास कोल, मूलचंद कोल, नरेश कोल, बलराम कोल, रवि कोल, अर्जुन कोल, राकेश कोल, सोनू कोल, अच्छेलाल कोल, रुद्रदत पांडे, शिवप्रकाश चक्रवर्ती सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के पुरुषों और महिलाओं की उपस्थिति रही।

### महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# छात्र -छात्राओं ने विज्ञान के नये नये अविष्कारों को प्रदर्शनी में किया प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया जहाँ विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई जहाँ विज्ञान संकाय के छात्र_छात्राओ ने एक से बढ़कर एक विज्ञान माडलो की प्रदर्शनी लगाई। वर्तमान वैज्ञानिक युग के समय में नए_नए अविष्कारों को प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाया गया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने विज्ञान के महत्त्व, थीम और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता पर उद्बोधन दिया। छात्र -छात्राओं को वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्त्व ओर इस क्षेत्र में कैरियर निर्माण की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

मुख्य वक्ता डॉ भरत लाल तिवारी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के परिपेक्ष्य में विज्ञान के क्षेत्र में सी. वी. रमन के योगदान को समरण करते हुए, छात्राओं को रमन प्रभाव के बारे में बताया गया। साथ ही महाविद्यालय मै उपलब्ध कोर्स, प्रवेश प्रक्रिया, प्लेसमेंट और जॉब संभावनाओं पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। छात्राओं को कंप्यूटर साइंस, सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के क्षेत्रों में नवीनतम खोज और सम्बंधित ज्ञानवर्धक एवं रुचिकर जानकारियां प्रदान की गई। वही सत्येंद्र सोनी ओर सुश्री प्रज्ञा तिवारी द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर स्लीमनाबाद महाविद्यालय पर विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित हुई जहाँ छात्र ड्रिप वाटर सिस्टम, कूलर, पवन चक्की, सम्पूर्ण अंशभाग व जैविक खेती के वर्किंग मॉडल की विज्ञान प्रदर्शनी लगाई!साथ ही खाने से ऊर्जा में परिवर्तन को, क्रोमोसोन से होने वाली बीमारी के बारे मै, फूलों की खेती के बारे मै, बीज अंकुरण के बारे में बताया गया

डॉ प्रीति यादव के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय, डॉ प्रीत नेगी, डॉ शैलेन्द्र जाट, डॉ प्रीति यादव,अंजना पांडेय ने अवलोकन किया व छात्र_छात्राओ के विज्ञान प्रोजेक्ट की सराहना की। निर्णायक की भूमिका में डॉ अभिषेक पटेल, नीलम ताम्रकार, सरगम जैन व श्रेया पांडेय ने छात्र -छात्राओं से प्रश्न पूछकर उनके विज्ञान मॉडल की सराहना की।

## नर्सरी विकास प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# विद्यार्थियों ने जानी नर्सरी रोपण, बडिंग एवं ग्राफ्टिंग की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



जन अभियान परिषद के तत्वावधान में संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास क्षमता वृद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं द्वारा ग्राम पंचायत घुघरा स्थित संजय निकुंज नर्सरी का शैक्षणिक भ्रमण एवं एक दिवसीय नर्सरी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम सेक्टर–5 रीठी की नवांकुर संस्था युवा सवेरा समिति द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी विकास, पौधारोपण, ग्राफ्टिंग, बडिंग, वेजिटेटिव प्रोपेगेशन, कालिका वृद्धि एवं फ्लावरिंग संबंधी तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रतिभागियों को रोपणी (नर्सरी बेड) तैयार करने, पौधों की देखभाल एवं गुणवत्ता संवर्धन के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में परिषद के ब्लॉक समन्वयक जगन सिंह मसराम की उपस्थिति में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में परिषद द्वारा निर्देशित नियमावली के अनुरूप रोपणी निर्माण एवं नर्सरी विकास की आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आने वाली संभावित कठिनाइयों के समाधान हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया।मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास क्षमता वृद्धि पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता करते हुए नर्सरी विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने की रुचि व्यक्त की। कार्यक्रम के उपरांत ग्राम पंचायत घुघरा की प्रस्फुटन समिति द्वारा सभी प्रतिभागियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई तथा भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया गया।

कार्यक्रम में भारतीय जन कल्याण से सीता सोनी, दीक्षा सोनी, परामर्शदाता अरुण तिवारी, शरद यादव, रूपा बर्मन, साक्षी नामदेव, अमर बहादुर, सहायक सचिव केशव प्रसाद यादव, देवराज केवट, लक्ष्मण चौधरी, श्रीराम पटेल सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के कौशल किशोर बर्मन, गणेश अवस्थी, ओमप्रकाश, दयाराम बर्मन, रामदयाल एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र कुलदीप, अंकित, समीर, अंजू, रोशनी, साबित सहित अन्य छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफल समापन अवसर पर नवांकुर संस्था युवा सवेरा समिति के प्रतिनिधि गोवर्धन रजक ने ग्राम पंचायत स्तर पर स्वैच्छिक विकास को बढ़ावा देने एवं सामुदायिक सहभागिता को सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं आर्थिक प्रगति के लिए अधिक से अधिक पौधों की नर्सरी तैयार करने तथा आगामी मार्च माह में पुनः उन्नत नर्सरी प्रशिक्षण आयोजित करने की घोषणा की।यह कार्यक्रम ग्राम स्तर पर पर्यावरण संरक्षण, आजीविका संवर्धन एवं सामुदायिक नेतृत्व विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

## संगठन की शक्ति से होगा सर्वांगीण विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भोपाल के पूर्व सांसद आलोक संजर, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष देव आशीष श्रीवास्तव के प्रथम नगर आगमन पर कटनी का कायस्थ समाज उत्साह और उमंग से सराबोर नजर आया। कटनी की सीमा में प्रवेश करते ही पीरबाबा क्षेत्र में समाजजनों ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। अतिथि गण लखेरा स्थित शैलेष श्रीवास्तव के निवास पर पहुंचे। यहाँ आयोजित गोष्ठी में भोजन के साथ समाज के प्रबुद्धजनों के बीच सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान समाज के ज्वलंत मुद्दों और विशेषकर युवाओं को सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने पर बल दिया गया।

आलोक संजर ने कहा, ‟समाज को सशक्त बनाने के लिए युवाओं के जोश और बुजुर्गों के अनुभव के समन्वय की आवश्यकता है। जब हम संगठित होकर प्रयास करेंगे, तभी सर्वांगीण विकास संभव होगा।

चित्रगुप्त कायस्थ सभा के तत्वावधान में चांडक चौक स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में भव्य स्वागत समारोह एवं महाआरती का आयोजन किया गया। शंखध्वनि और मंत्रोच्चार के बीच अतिथियों, वरिष्ठों और युवाओं ने भगवान चित्रगुप्त की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव ने अतिथियों को मंदिर के गौरवशाली इतिहास और समाज की आगामी जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया।वरिष्ठों का सम्मान एवं विमर्शकार्यक्रम के अगले चरण में पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, अनु श्रीवास्तव के निवास पर समाज के बुजुर्गों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यहाँ पर हजारी लाल निगम,उमा निगम श्याम बिहारी श्रीवास्तव मंजू श्रीवास्तव, सुरेश खरे ऊषा श्रीवास्तव, शकुंलता श्रीवास्तव, गिरीश खरे आर एम खरे प्रकाश श्रीवास्तव सुशील श्रीवास्तव पूर्णिमा बख्शी वीरेंद्र श्रीवास्तव लता खरे प्रीती खरे का शाल एवं श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया।

## लोकमाता अहिल्या से हुआ 21वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह का समापन

# नारी शक्ति की गौरव गाथा पर आधारित नाटक का हुआ मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏩ दमोह



संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से जिले की अग्रणी नाट्य संस्था युवा नाट्य मंच के द्वारा आयोजित 21वें 5 दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह का सोमवार को समापन हुआ। समापन दिवस पर स्थानीय नाट्य संस्था युवा नाट्य मंच के द्वारा नाटक लोकमाता अहिल्या का मंचन किया गया। डॉ उमेश चौरसिया द्वारा लिखित और वरिष्ठ रंगकर्मी राजीव अयाची के द्वारा निर्देशित यह नाटक होलकर साम्राज्य की महारानी अहिल्या बाई होलकर के जीवन प्रसंगों से जुड़ा हुआ है और नाटक के माध्यम से उनके कुशल प्रशासन, न्यायप्रियता, धर्मपरायणता और विकास के कार्यों को दिखाया गया है। नाटक की कहानी में कुम्हेर के युद्ध में पति खडिराव होल्कर का निधन हो गया, इस समय अहिल्या बाई सती होने को आतुर होती है पर उनके ससुर मल्हार राव होलकर अपनी और मालवा की सौगंध देकर उन्हें सती होने से रोक देते हैं और मालवा का राज्य संभालने का आदेश देते हैं। ससुर मल्हार राव होलकर की मृत्यु के पश्चात मालवा साम्राज्य में प्रशासनिक कार्यों में गड़बड़ियां प्रारंभ होती है जिसका आरोप मालवा के दीवान गंगाधर राव तात्या (गंगोबा काका) अहिल्या बाई के एकमात्र पुत्र मालेराव होलकर पर डाल देता है मालेराव होलकर दिन रात नशे में धुत रहते थे। कुछ समय पश्चात उनके पुत्र मालेराव का भी निधन हो जाता है अहिल्या बाई टूट जाती है पर सूबेदार तुकोजी राव तात्या उन्हें ढाढस बंधाते है। इस अवसर का फायदा उठाते हुए मालवा पर अपना आधिपत्य करने के लिए रघुनाथ राव राघोबा वादा अपने साथियों के साथ मालवा पर आक्रमण करने की योजना बनाते है और इस योजना में मालवा के विश्वासपात्र रघुनाथ राव तात्या राघोवा उनका साथ देते हैं परंतु माता अहिल्या के विश्वासपात्र सूबेदार तुकोजी राव पडद्यंत्र की सारी योजनाओ को अपनी हिम्मत और सूझबूझ से विफल कर देते हैं। पारिवारिक और मालवा साम्राज्य की विपरीत स्थितियों के बावजूद उनको मालवा साम्राज्य के शासन की बागडोर संभाली, महेश्वर को अपनी राजधानी बनाया और संपूर्ण राज्य को स्वावलंबी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया। वे प्रतिदिन जन-सुनवाई करती और लोगों की समस्याओं को सुनती थी। इस दौरान उन्होंने उन्होंने पूरे भारत में सैकड़ों मंदिरों, धर्मशालाओं, घाटों, कुओं और सड़कों का निर्माण करवाया जिनमें काशी विश्वनाथ, सोमनाथ, वैद्यनाथ जैसे अनेक मंदिरों का पुनर्निर्माण शामिल है, उन्होंने न केवल अपनी सेना का कुशलतापूर्वक संचालन किया बल्कि महिलाओं की एक टुकड़ी बनाई। स्वावलंबन एवं स्वदेशी वस्तुओं के निर्माण एवं आत्म सम्मान से जीवन यापन करने की दिशा में लोकमाता अहिल्या बाई ने कई कार्य किए।

### पात्रों के सधे अभिनय से डाली जान

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की कहानियों में न सिर्फ देशकाल बल्कि कलाकारों का उसे समयकाल से खुद को जोड़े रहना भी जरूरी होता है। ऐसे में नाटक के निर्देशक राजीव अयाची और सहनिर्देशक अनिल खरे ने इन दोनों ही बातों का ध्यान रख कलाकारों से सधा हुआ अभिनय कराया है। अहिल्या बाई दीक्षा सेन, मल्हार राव अनिल खरे, तुकोजी राव बने बृजेंद्र राठौर अपने पात्रों में रमे नजर आते है। हरकुंवर रानी एवं महिला शिवानी बाल्मीकि, गंगाधर राव तात्या पंकज चतुर्वेदी, हरवा देवेश श्रीवास्तव,रघुनाथ राव राघोबा संजय खरे, सेनापति एवं भील हरिशोम खरे, बाल अहिल्या, सेविका एवं महिला नैन्सी गुप्ता सैनिक एवं अननतफंदी अनुभव श्रीवास्तव, सैनिक एवं दरबारी देवांशु राजपूत, नयन खरे, ऋषि खरारे, तेजस्व खरे, अनुभव श्रीवास्तव, उपेन्द्र सोनी, पारस गर्ग ग्रामीण वैष्णवी रैकवार, राजेश श्रीवास्तव, अपूर्वा अयाची, आयुषी अयाची, गौरी रैकवार, श्रद्धा रैकवार ने अपने अपने पत्रों को बखूबी निभाया है। नाटक का संगीत अच्छा है और समकालीन वाद्य यंत्रों का शानदार प्रयोग संगीत में किया गया है।संगीत परिकल्पना दीक्षा सेन, अनुभव श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, देवेश श्रीवास्तव, लक्ष्मी शंकर सिंह सेंगर की है। वस्त्र विन्यास राजबहादुर अग्रवाल, हेमेंद्र सिंह चंदेल, रूप सज्जा अमृता जैन, अनिल खरे प्रकाश विन्यास राजीव अयाची, प्रचार प्रसार एवं मंच संचालन वैभव नायक का है। समारोह को के समापन अवसर पर युवा नाट्य मंच के अध्यक्ष राजीव अयाची ने आयोजन के दौरान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान विधायक जयंत मलैया, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, भावसिंह लोधी मासाब, समाजसेवी सत्येंद्र सिंह लोधी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महाकौशल प्रांत के सह बौद्धिक प्रमुख रामलाल जी पटेल, जिला कार्यवाहक कमलेश पटेल, विद्या भारती से सुरेंद्र चौरसिया, भारत विकास परिषद से राजीव बिल्थरे, डॉ रघुनंदन चिले, अमर सिंह त्रिपाल सिंह, देवनारायण,मालती असाटी, आलोक गोस्वामी, दीपक तिवारी,राकेश सोनी,प्रकाश सिंह ठाकुर,नरेंद्र दुबे, आलोक सोनवलकर, भाइयन जी, शैलेंद्र परिहार ,धर्मेंद्र मिश्रा, प्रदीप अग्रवाल, डॉ एनआर राठौर, डॉ पीएल शर्मा,ओसी जैन, डॉ अरुणा उज्जैनकर, कपिल खरे, डॉ संजय त्रिवेदी, एड भगवती श्रीवास्तव की उपस्थिथि रही।

## मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज का मंगल विहार



**बनवार।** संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज का मंगल पद विहार सागर से दमोह होते हुए कुंडलपुर के पश्चात सगरा ग्राम की ओर निरंतर जारी है। मुनि श्री के आगमन से क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और भक्ति का वातावरण निर्मित हो गया है। आज सगरा क्षेत्र में कुसमी की प्राथमिक शाला परिसर में स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा मुनि श्री की विधि-विधानपूर्वक आहारचर्या संपन्न कराई गई। आहारचर्या के पश्चात मुनि श्री का मंगल विहार सगरा की ओर हुआ, जहां सकल जैन समाज ने भावभीनी अगवानी करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। मीडिया प्रभारी प्रदीप जैन निराला ने जानकारी देते हुए बताया कि मुनि श्री की संभावित ग्रीष्मकालीन वाचना का सौभाग्य सगरा की सकल जैन समाज को मिल सकता है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि जैन मुनि अनियत विहारी होते हैं, इसलिए अंतिम निर्णय गुरुजी की इच्छा एवं विहार क्रम पर ही निर्भर करेगा। मुनि श्री के मंगल विहार से क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है और श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन एवं आशीर्वाद के लिए पहुंच रहे हैं।

## अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणजनों की समस्याएं

**दमोह।** बटियागढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत अजब धाम में आज संकल्प से समाधान और राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत भवन में शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और समस्याओं का समाधान किया गया। जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से 'संकल्प से समाधान' एवं राजस्व सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर में सभी लोगो की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समस्याओं को मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए गए। शिविर में राजस्व, पंचायत विभाग से जुड़े प्रकरण, ई के वाय सी, पेंशन आदि के आवेदन दिए गए। शिविर मे स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण और स्वास्थ्य प्रदर्शनी भी लगाई गई। समाजसेवी श्याम गर्ग ने बताया विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए हैं, सरकार सभी वर्गों का कल्याण कर लाभान्वित कर रही है।

## सिद्धचक्र महामंडल विधान संपन्न

# सिद्धचक्र महामंडल विधान के सातवें दिन 1024 अर्घ समर्पित





### समापन पर हवन के बाद श्रीजी की भव्य शोभा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिग्रामपुर

अष्टांका महापर्व पर सिंग्रामपुर मैं चल रहे सिद्ध चक्र महामंडल विधान के सातवें दिन 1024 अर्घ समर्पित किए गए। कार्यक्रम में हवन के पश्चात ग्राम में श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया गया। शोभायात्रा के दौरान घोड़ा बग्गी पर मुख्य पात्रों को बिठाकर गाजे बाजे के साथ नगर में मुख मार्ग से श्री जी की शोभायात्रा निकाली गई महिलाओं द्वारा शोभायात्रा के दौरान पीली साड़ी पुरुष वर्ग बच्चे सफेद वस्त्र में नजर आए। शाम को सौधर्मेंद्र पात्रों का विशेष दरबार लगाया गया जिसमें में कुबेर महायज्ञ नायक, यज्ञ नायक आदि पात्रों द्वारा सभा का आयोजन किया। वीरेंद्र कुमार गैरतगंज वालों के निर्देशन में सिद्धचक्र महामंडल विधान में निरंतर धर्म प्रभावना हो रही है।मधुर संगीत में भक्ति भाव के साथ सिद्धों की आराधना कर 1024 अर्घ समर्पित किये। स्लीमनाबाद से आए हुए संगीतकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई सुबह अभिषेक शांतिधाराऱ एवं सांस्कृतिक धार्मिक कार्यक्रमों आयोजित हुए सिद्ध चक्र महामंडल विधान से नगर का माहौल धर्म मय हो चला है सभी लोग अपनी अपनी सहभागिता देते हुए धर्म लाभ अर्चित कर रहे हैं साध्यकालीन महाआरती का सौभाग्य ग्रामवासियों को मिला महाआरती पात्र एवं यज्ञ नायक बाग्गी रथ से पंडाल तक गाजे बाजे धूमधाम के साथ पहुंचे वही शाम कालीन रात्रि में के तत्पश्चात इंद्र की सभा का दरबार लगा सौधर्मेंद्र, कुबेर, यज्ञनायक महायज्ञ नायक सभी इंद्र की सभा में पहुंचे सभी सौधर्मेंद्र महराज के सामने अपनी अपनी बात रखी सिंग्रामपुर बच्चों द्वारा कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई।

## जिला स्तरीय ओलम्पियाड सम्मान समारोह संपन्न



**दमोह।** जिला स्तरीय ओलम्पियाड सम्मान समारोह 2025-26 में जिला शिक्षा केन्द्र दमोह में संपन्न हुआ। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने ओलम्पियाड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जिले के कक्षा दूसरी से आठवीं तक के 32 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं के साथ उनके मार्गदर्शी शिक्षक और माता-पिता को भी सम्मानित किया। इसमें विकासखण्ड पटेरा से शिवांश कुर्मी पिता कैलाश सांदीपनि विद्यालय पटेरा,मिश्वाह रजा पिता मूसा खान माध्यमिक शाला राजाबंदी,मानसी चौधरी पिता भरत पीएस वनगांव, सर्वेंद्र कुर्मी पिता राघवेन्द्र एमएस मडिया टिकैत,सौरभ अहिरवाल पिता रामकृष्ण पीएस बिलगुंवा, प्रगति पटैल पिता बृजेन्द्र सांदीपनि विद्यालय पटेरा को सम्मानित किया गया। सम्मान में प्रशस्ति-पत्र, शील्ड, बैग, टिफिन, कम्पास, टोपी, ट्रैकशूट प्रदान किया गया। मार्गदर्शी शिक्षकों में भरत पटेल, मूसा खान ,श्रीमती निशा भारती, लेखराम ताम्रकार श्रीमती ज्योति ताम्रकार, श्रीमती मीनाक्षी दुबे,शरद ताम्रकार एवं मूसा खान सर की माताजी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डी.पी.सी. मुकेश द्विवेदी ,ए.पी.सी. राजू गांगरा, रविशंकर पाठक, मोहन राय (रमसा) एवं बीआरसीसी में दिलीप उपाध्याय , ललित रैकवार सहित जिले के सभी बी.आर.सी.सी.उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं के माता/पिता की उपस्थिति सराहनीय रही।

## महाआरती का हुआ आयोजन

**दमोह।** शहर के असाटी वार्ड नंबर एक स्थित डालचंद असाटी के निवास पर उनके पुत्र दिव्यांश असाटी के जन्मदिवस के अवसर पर भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान मां गुरुवर के जयकारे तरुण लोधी एवं दिव्यांश असाटी ने लगाए, सभी श्रद्धालुओं ने मां की साधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संगठन की सदस्य ममता तोमर ने कहा कि हमें नशा और मांस का त्याग कर चरित्रवान जीवन जीना चाहिए तथा अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए। वहीं महेश गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक घर में मां गुरुवर की साधना होनी चाहिए और बच्चों को मोबाइल से दूर रखकर संस्कारवान एवं शिक्षित बनाना चाहिए, ताकि समाज को नई दिशा मिल सके। इस दौरान संचालन राजेश रैकवार एवं टीम प्रमुख गजराज प्रसाद अठ्या द्वारा किया गया, अंत में सभी को प्रसाद वितरण कर समापन किया गया। इस अवसर पर कौशल्या असाटी,शैलजा असाटी, सुधा असाटी, राधा असाटी, दीपाली असाटी, प्रियल असाटी, राकेश असाटी, हेमेंद्र असाटी राजन, शुभम असाटी,अंश असाटी, मयूर असाटी,वंश असाटी ,रामू रजक आदि उपस्थित रहे।

## कोऑपरेटिव बैंक के सामने का टूटा पड़ा यात्री प्रतीक्षालय



**गैसावाद।** सरकार द्वारा गांव गांव में यात्रियों की सुविधा के लिए विधायक निधि से यात्री प्रतीक्षालय तो बनाए जाते हैं लेकिन यह देखने की फुर्सत किसी को नहीं है कि नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालयों में लगाए जाने वाले मटेरियल में गुणवत्ता हैं, या नहीं, अधिकांशत बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय साल 2 साल में ही ताश के पत्तों की तरह बिखर जाते हैं जिसका ताजा उदाहरण ग्राम गैसाबाद के कोऑपरेटिव बैंक के सामने बने यात्री प्रतीक्षालय की क्षतिग्रस्त हालत को देखकर सहज ही लगाया जा सकता है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम के कोऑपरेटिव बैंक के सामने कुछ वर्ष पहले विधायक निधि से यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया था जो टूट कर बिखर चुका है। यात्रियों के बैठने लायक नहीं रह गया है, यही हालत बस स्टैंड बंजारी चौक पर बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय की है जहां पर यात्रियों को बैठने के लिए कुर्सियां गायब है यात्रियों को बैठने के लिए जगह ही नहीं है। अभी हाल ही में पुरानी ग्राम पंचायत के पास विधायक निधि से प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया है। वह भी गुणवत्ता युक्त नहीं दिखाई दे रहा है इसी तरह दमोह पन्ना मेन रोड तेवरैया मोड पर बनाया गया। यात्री प्रतीक्षालय भी क्षतिग्रस्त हो चुका है जो यात्रियों के बैठने लायक ही नहीं रह गया है। गौरतलब है कि टीन चद्दर से बनाए जाने वाले यह यात्री प्रतीक्षालय बहुत कम समय में ही क्षतिग्रस्त होकर टूट फूट जाते हैं जिस पर शासन का बजट तो खर्च होता है लेकिन उसका समुचित लाभ यात्रियों को मिलता हुआ नहीं दिख रहा है। यात्री प्रतीक्षालय के अभाव में आज भी कई स्थानो पर ग्रामीण अंचलों के छोटे-छोटे बस स्टॉपो पर यात्रीगण धूप एवं बरसात के मौसम में खुले आसमान के नीचे बसो का इंतजार करते हुए देखें जा सकते हैं।

# लगभग 159 सालो से चली आ रही होलिका दहन की परंपरा

### पुराने स्थान पर होलिका दहन के लिए तत्काल लकडी इकट्ठी कर होली जलाई जाती है



**तेंदूखेड़ा।** होली के त्यौहार बाजार में भारी भीड़ रही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने रंग गुलाल के साथ बच्चों को पिचकारियों की जमकर खरीदारी की। इसके बाद होलिका दहन के बाद से ही गुलाल लगाकर होली की खुशियॉ बांटने का दौर चालू हो गया था। गुलाल का तिलक लगाकर लोगों ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हैं ये सिलसिला रंग पंचमी के बाद तक चलता है। लेकिन होलिका दहन की पुरानी परम्परा अब धीरे धीरे समाप्त होती जा रही है। गॉव से बसाहट से जलने वाली होली अब परंपरा को जीवित रखने के लिए छोटे रूप में जलाई जाती है। ज्ञात हो कि नगर में पुराने दो स्थानों पर होलिका दहन धूमधाम से किया जाता था। लगभग 21 वर्ष पूर्व में सभी मोहल्ले के लोग होली की लकड़ी और कण्डा घर घर जाकर मांगते थे जिससे लकड़ी की अधिक संख्या होने से विशाल रूप मे होली जलाई जाती थी। परंतु अब नगर की सबसे पुरानी होली वार्ड क्रमांक 5 में तुरंत के तुरंत थोड़ी बहुत लकड़ी इकट्ठा करके जलाई जाती है। इसके अलावा पुरानी होली तारादेही चैराहे की होली जलना बंद हो गई है, अब सिर्फ नए लोगों के द्वारा कुछ स्थानों पर होली जलाई जा रही है। जिसमें नगर की सबसे पुरानी होली वार्ड क्रमांक 5 की होली जब से तेंदूखेड़ा गांव को लगभग 159 वर्ष से अधिक समय पहले वसाया गया था उसी समय से गांव के गणमान्य नागरिक पट्टीदार के वंशजों के द्वारा सामूहिक होली जलाने की परम्परा रखी गई थी। लेकिन अब होलिका दहन मे लोगों के अन्दर कम उत्साह एवं व्यक्तिगत समस्याएं होने के कारण होली जलाने की परम्परा कम होती जा रही है। वार्ड पॉच के निवासी गोपाल सिंह, तुलसी राम, मेमार दादा ने बताया कि पहले होली के लिए लकड़ियां पर्याप्त मात्रा में मिल जाती थी और सबसे बड़ी होली होती थी परंतु अब लकड़ी और जगह की समस्या होने के कारण होली जलाने की परंपरा को जीवित रखने के लिए छोटे रूप में ही जलाते हैं। तारादेही चैराहे पर पिछले लगभग 45 वर्षों से होली जलाई जाती थी परंतु अब 13 वर्षों से नहीं जलाई जा रही। इसके अलावा नगर में लगभग 21 स्थानों पर होलिका दहन किया गया। सबसे पहले पंचवटी सिद्ध धाम में शाम 5.25 बजे होलिका दहन किया गया। पंडित भरत अवस्थी ने बताया कि शाम 5.30 बजे भद्राकाल लग जाएंगा जिसमें होलिका दहन नहीं किया जाता भद्रा काल रात्रि 1.32 तक रहेगा उसके बाद होलिका दहन किया जाएंगा। पंचवटी में सभी लोगों ने विधी विधान के साथ पूजन कर होलिका दहन किया एवं एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

## बच्चों के साथ शिक्षकों ने खेली होली



**तेजगढ़।** तेजगढ़ के समिति ग्राम करौंदी सिंगौरगढ़ में होली पर्व रंग गुलाल मुखोटे टोपी एवं मीठा मुंह करके बच्चों के साथ होली पर्व मनाया गया शिक्षक महेंद्र दीक्षित की पहल पर पाठशाला में यह पर्व मनाया गया। बच्चों को होली पर्व की महत्वता उसकी सार्थकता की बातें बताई गई आपसी मतभेद बुराई सभी एकता के साथ रहना चाहिए सारे बच्चे बहुत खुश नजर आए। उन्हें घर जैसा माहौल स्कूल मिले इसलिए शिक्षक दीक्षित हमेशा लीख से हटकर अपने स्कूल में गतिविधि करते रहते हैं। दीपावली /रक्षाबंधन/ जन्माष्टमी/ गुरु पूर्णिमा जैसे पर्व स्कूल में ही मानते हैं बच्चों के साथ बच्चों की खुशी अपनी खुशी बच्चे हमारे भगवान है। इनकी बदौलत हम शिक्षकों को पर्याप्त वेतन मिलती है तो फिर हम क्यों ना उनकी खुशियों में शरीक बन सके। इन्हें हमें छोटी-मोटी गिफ्टे पहाड़े रजिस्टर /पेन /बाल पोथी/ प्रदाय करते रहें। इस अवसर पर शिक्षक प्रशांत निगम सोनाली दुबे अतिथि शिक्षक राजेश शर्मा उपस्थित रहे। सभी ने एक दूसरे को गुलाल रोरी लगाकर हृदय स्पर्शी शुभकामनाएं दी बच्चों ने नारे लगाए बुरा ना मानो होली है सब बच्चों ने खेली है।

## वार्षिक उत्सव का आयोजन



**नरसिंहगढ़।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास नरसिंहगढ़ में मां बेटी मेला एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। प्रस्तुतियों में शिक्षा स्वास्थ्य स्वच्छता सामाजिक समरसता बाल विवाह रोकने हमारा छात्रावास हमारा घर हमारे संस्कार अनेक बिंदुओं पर नाट्य मंच के द्वारा शिक्षा प्रद कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दमोह लोकसभा सांसद राहुल सिंह लोधी , मुख्यअतिथि पशुपालन मंत्री लखन पटेल के पुत्र लकी पटेल,पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के पिता भाव सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मति मंजू धर्मेन्द्र कटारे, भजापा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जनपद अध्यक्ष डॉ खिलान अहीरवाल, मंडल अध्यक्ष दिनेश पटेल, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र विदोलिया, जनपद सदस्य ललिती संतोष मोदी, किसान संघ अध्यक्ष श्रीराम पटेल, नरेंद्र व्यास कपिल शुक्ला, संगीता श्रीधर, जनपद सदस्य ललती संतोष मोदी माया पटैल, राजकुमार गट्टानी सेठ छात्रावास अधीक्षका श्री मति धनबाई लोधी/लक्ष्मण सिंह लोधी, पूजा ठाकुर आदि सभी गणमान्य नागरिकों एवं बालिकाओं के माता पिता की विशेष उपस्थिति रही ।

## शिक्षक को दी भावभीनी विदाई



**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर संकुल के अंतर्गत एकीकृत पोंडी मानगढ़ विद्यालय में 42 वर्षों की दीर्घ एवं समर्पित सेवा पूर्ण करने पर शिक्षक चरण सिंह ठाकुर को भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय परिवार, विभागीय स्टाफ एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित समारोह भावनात्मक और गरिमामय रहा। समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि चरण सिंह ठाकुर ने अपने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण भाव से विद्यार्थियों को शिक्षित किया। उनका सरल एवं सौम्य स्वभाव सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा। शिक्षा जगत में उन्होंने विभिन्न स्थानों पर सेवाएं देते हुए न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाया, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। करीब 42 वर्षों तक शिक्षक के रूप में सेवा देने के पश्चात वे शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर उनके परिजन भी उपस्थित रहे। विदाई के भावुक क्षणों में सहकर्मियों एवं ग्रामवासियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ, सुखद जीवन की कामना की। समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक को पुष्पमाला, शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच मनोज राय, प्राचार्य रामकिंकर शर्मा, शिक्षिका मंजू सिंह, शिक्षक खड़क सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## बच्चों की राधा-कृष्ण झांकी ने मोहा मन



**दमोह।** पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा होली के पावन अवसर पर एक भव्य एवं उल्लासपूर्ण होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ रंगों के इस पर्व को मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनिया अरोड़ा ने की। मंच का प्रभावशाली एवं सुसंगठित संचालन सुची अरोड़ा द्वारा किया गया, जबकि संपूर्ण कार्यक्रम की जिम्मेदारी चेयरपर्सन ऋतु दूआ ने कुशलतापूर्वक निभाई। समारोह का मुख्य आकर्षण नन्हे बच्चों द्वारा राधा और कृष्णा के रूप में सजीव प्रस्तुति रही। बच्चों ने मनमोहक वेशभूषा में सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। संगीत की मधुर धुनों पर महिलाओं ने भी जमकर नृत्य किया और "सपने में मिलकर आओ जी, खेले होली" जैसे गीतों पर पूरे उत्साह के साथ झूम उठीं। श्वेता सरीन ने मनप्रीत और शिल्पा के साथ मिलकर मनोरंजक खेलों का आयोजन किया, जिसमें सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मनप्रीत और शिल्पा ने नृत्य में भी सभी के साथ मिलकर कार्यक्रम की रौनक बढ़ाई। रंग-बिरंगे परिधानों, गुलाल की खुशबू और हंसी-खुशी से सराबोर इस आयोजन में प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं।

कलेक्टर को आन्दोलन करने की चेतावनी के साथ ज्ञापन सौंपा

## आबादी, धार्मिक एवं स्कूल क्षेत्र से शराब दुकान हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



सोमवार के दिन अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक वर्गों की सघन आबादी के बीचों बीच एवं धार्मिक, शैक्षणिक क्षेत्र में स्थित देशी-अंग्रेजी कम्पोजिट शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों, समाज प्रमुखों,पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, मीडिया साथियों ने हिण्डोरिया पुलिस थाना पहुंचकर थाना प्रभारी टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय के माध्यम से जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं आबकारी विभाग के आला अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मुद्दे पर भाजपा हिण्डोरिया मण्डल अध्यक्ष व्दारा भी पृथक आवेदन पत्र दिया गया। ज्ञापन मे मांग पूर्ति के अभाव मे विशाल जन आन्दोलन करने की चेतावनी भी दी गई। ज्ञापन मे बताया गया है कि नगर के वार्ड नंबर 9 में मुख्य सड़क पर वर्तमान में जो देशी अंग्रेजी कम्पोजिट शराब दुकान स्थापित है। वह नगर के अनुसूचित जाति ,अल्पसंख्यक वर्ग की आबाढी के बीचों बीच में स्थित है । इसके साथ ही शराब दुकान के आसपास ही कुछ दूरी पर शासकीय सीनियर बेसिक शाला स्कूल, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, यादव समाज का दीवाला , हिंदू भाइयों का हनुमान मंदिर, मुस्लिम भाइयों की इबादतगाह ईदगाह एवं हजरत बाबा महबूब शाह की मजार स्थित है। साथ ही नगर का एकमात्र मंगलम बारात घर भी शराब दुकान के सामने ही संचालित है । आम नागरिकों का कहना कि शराब दुकान मुख्य सड़क पर स्थापित होने के चलते मैन मार्केट, स्कूल, बस स्टैंड, धार्मिक स्थान, बारात घर आदि जगह आने जाने वाले संभ्रांत नागरिकों, विशेष कर महिलाओं, बाहरी मुसाफिरों एवं स्कूली बच्चियों को सर्वाधिक परेशानियों का आये दिन सामना करना पड़ रहा है। शराब दुकान के चलते प्रतिदिन नगर में तरह तरह के विवाद रोज उत्पन्न हो रहे हैं। जिससे नगर के अमन चैन में बाधा पैदा हो रही है। कानून व्यवस्था को लेकर चुनौती उत्पन्न हो रही है। लोगों का कहना है कि शराब दुकान के पास असामाजिक तत्वों और शराबियों का भारी जमावड़ा लगा रहता है । जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। इस दुकान के कारण महिलाएं और छात्राऐं अपने आपको बेहद असुरक्षित महसूस कर रहीं हैं। साथ ही शराब खरीदने वालों के वाहनों एवं जमघट के कारण सड़क पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। नशे में धुत लोग अक्सर अवैध हरकतें करते रहते हैं । शराब दुकान के निकट रहने वाले भले लोगों को सम्मान एवं सुरक्षा के साथ जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है। शराबी सम्मानित लोगों के प्रति अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हैं। और मारपीट तक करने पर उतारू हो जाते हैं । जागरूक नागरिकों ने बताया कि यह देशी अंग्रेजी कम्पोजिट शराब की दुकान घनी आबादी, स्कूलों, मंदिर, ईदगाह, मजार एवं बारात घर के निकट स्थित है। जो की मुख्यमंत्री एवं मध्यप्रदेश शासन की नियत आबकारी नीति का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन है। यहाँ अहाता भी चल रहा है। जहाँ शराबी पीकर हुड़दंग मचाते हैं। ज्ञापन मे बताया गया है कि इस संबंध में जिला के तत्कालीन कलेक्टर आवकारी विभाग के आला अधिकारियों को नगर वासियों की ओर से कई बार ज्ञापन देकर अवगत कराया गया। इसके बावजूद भी सहनशील नागरिकों के अहिंसनात्मक आंदोलन के इस बिंदु पर आज तक ध्यान नहीं दिया गया। शासन प्रशासन के इस तानाशाही पूर्ण रवैया के कारण लोगों में भारी आक्रोश वर्तमान मे व्याप्त है। ज्ञापन में उक्त देशी अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान को तत्काल नगर से बाहर स्थापित करने की मांग की गई है। शांति समिति की बैठक मे भी ये मांग जोर शोर से उठाई गई है। इस मौके पर टीआई धर्मेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि ज्ञापन को शीघ्र कलेक्टर को भेजकर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। ज्ञापन मे मांगपूर्ति के अभाव में शीघ्र बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई है। इस मौके पर नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह के प्रतिनिधी धनीराम तेकाम, जामा मस्जिद के सदर हाजी नवाब खान, भाजपा हिण्डोरिया मण्डल अध्यक्ष ठाकुर देवेंद्र सिंह, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि लक्ष्मण पटेल, मध्यप्रदेश एकता परिषद के जिलाध्यक्ष सुजात खान, पार्षद प्रतिनिधि शेख असीम, तैय्युब अली, एड- शरद प्यासी, भगवती मानव जीवन संघ अध्यक्ष नारान साहु, खिलान चौरसिया, एड-नरेंद्र दाहिया, राकेश वर्मा, बीरेन्द्र दुबे, संदीप बौध्द, मंजीत राज, सहित बड़ी संख्या में नागरिक गण मौजूद रहे।

शहर में परंपरानुसार हुआ होलिका दहन कार्यक्रम, कल मनाई जायेगी धुरैड़ी

## धू धू कर जली होलिका, बच गये भक्त प्रहलाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले भर में परंपरानुसार होलिका दहन कार्यक्रम देर रात तक नगर में होते रहे। कई स्थानों पर होलिका दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। होलिका दहन कार्यक्रम को शांतिपूर्वक सद्भाव से मनाया गया। परंपरानुसार जिन घरों में चूल्हे सिगड़ी का उपयोग होता है उन्होंने होली की अग्नि को ले जाकर घर में प्रथम आग इसी से जलाई। अनेक घरों में परंपरानुसार होली के जलते कंडे लाकर पूजन कर बाटियां बनाई। परमा को धुरेड़ी का दिन होने से रंग-गुलाल की बौछारें, मौज मस्ती का आलम रहेगा। इस बार 3 को चंद्रग्रहण के कारण 4 मार्च को धुरैड़ी मनाई जायेगी। पुलिस शांति व्यवस्था बनाये रखने मुश्तैद रहेगी। रंगो का त्योहार होली प्रत्येक वर्ग के लोग अपने अपने अंदाज़ में मनाते हैं। एक ओर जहां युवा पीढ़ी खूब मौज मस्ती करने पिकनिक प्लान करती है। वहीं कुछ लोग ईश्वर के दरबार में होली मनाते हैं। जिले के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर, जागेश्वरनाथधाम बांदकपुर आदि में भारी भीड़ देर रात तक पहुंचने की जानकारी मिलती रही। जिले में जलसंकट को देखते हुये आम लोगो से होली पर पानी की बर्बादी न करने की अपील की जा रही है। कई गांवों के लोग पीने के पानी को मोहताज तो वहीं एक ओर टैंकरों से होली खेली जाती है।

### होलिका दहन

होलिका दहन को लेकर जो कथा प्रचलित है उसमें हिरण्यकश्यप नाम का एक अत्यन्त बलशाली एवं घमण्डी राक्षस था, जिसने अपने राज्य में भगवान का नाम लेने पर ही पाबंदी लगा दी थी। वह खुद को ही भगवान मानने लगा था। लेकिन हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रहलाद भगवान के प्रति आस्था रखने वाला था, वह भगवान का परम भक्त था। जब अपने पुत्र के ईश्वर भक्त होने का पता हिरण्यकश्यप को लगा पिता ने अपने ही पुत्र को बेहद



कठोर दंड दिये। पर प्रहलाद ने प्रभू भक्ति करना नही छोड़ी। परेशान होकर जब हिरण्यकश्यप ने ये बात अपनी बहन होलिका को बताई, होलिका को वरदान मिला था कि वह कभी भी आग में नही जल सकती। हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद को खत्म करने के लिये होलिका को आदेश दिया की वह प्रहलाद को लेकर अग्नि में बैठ जाये। आदेश का पालन करते हुये बहिन होलिका ने ऐसी ही किया। परंतु आग में बैठने पर होलिका तो जल गई पर प्रहलाद को कुछ नहीं हुआ। तभी से होली के पूर्व होलिका दहन किया जाता है। होली पर्व प्रभु प्रेम तथा प्रभु भक्ति के अटूट विश्वास को दर्शाता है। जिले भर में परंपरानुसार होलिका दहन कार्यक्रम देर रात तक नगर में होते रहे। कई स्थानों पर होलिका दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। होलिका दहन कार्यक्रम को शांतिपूर्वक सद्भाव से मनाया गया। परंपरानुसार जिन घरों में चूल्हे सिगड़ी का उपयोग होता है उन्होंने होली की अग्नि को ले जाकर घर में प्रथम आग इसी से जलाई। अनेक घरों में परंपरानुसार होली के जलते कंडे लाकर पूजन कर बाटियां बनाई।

### तीर्थ क्षेत्रों में पहुंचे श्रद्धालु

रंगो का त्योहार होली प्रत्येक वर्ग के लोग अपने अपने अंदाज़ में मनाते हैं। एक ओर जहां युवा पीढ़ी खूब मौज मस्ती करने पिकनिक प्लान करती है। वहीं कुछ लोग ईश्वर के दरबार में होली मनाते हैं। जिले के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर, जागेश्वरनाथधाम बांदकपुर आदि में भारी भीड़ देर रात तक पहुंचने की जानकारी मिलती रही।

### जलसंवर्धन की अपील

जलसंकट को देखते हुये आम लोगो से होली पर पानी की बर्बादी न करने की अपील की जा रही है। कई गांवों के लोग पीने के पानी को मोहताज तो वहीं एक ओर टैंकरों से होली खेली जाती है।

## भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, हेलमेट पहने होते तो शायद बच जाती जान

### जबेरा-दमोह जबलपुर मुख्य मार्ग पर एक बार फिर रफ्तार का कहर



सामने आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइकों कीआपस की भिड़ंत में दो लोगों की जान चली गई। बाइकों की भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि दोनों बाईकों केअगले हिससे के पर ख़च्चे उड़ गये घटनास्थल की जो तस्वीर सामने आई है उसे देखकर के कहा जा रहा है कि बाइक चालक यदि हेलमेट पहने होते तो शायद उनकी जान बच जाती। रविवार की रात दमोह जबलपुर रोड पर विसना खेड़ी मार्ग पर नोहटा थाना अंतर्गत हुई इस घटना में दो बाइकों के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हुई जिसमें दोनों बाईकों को चला रहे लोगों के साथ पीछे सवार लोग भी सड़क पर गिरकर घिसट ते चले गए। बताया जा रहा है कि एक बाइक से हेमराज लोधी अपनी पत्नी एवं बच्ची के साथ ग्राम सेमरा से 13वीं कार्यक्रम में शामिल होकर के वापस लौट रहे थे वहीं दूसरी ओर बाइक पर भारत तथा तेजी लोधी निवासी गवा री तथा हिनौती निवासी संतोष लोधी आ रहे थे । एक्सीडेंट के बाद नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल दमोह भिजवाया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी ,हेमराज लोधी को जिला अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया उनकी पत्नी नीमा और 3 साल की बच्ची अंजलि की हालत गंभीर बनी हुई है उधर दूसरी बाइक को चला रहे भारत लोधी कि जहां मौत हो गई है, वहीं उनके साथ बाइक पर बैठे तेजी लोधी तथा संतोष लोधी का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है, वही होली के पूर्व हुए इस दर्दनाक घटनाक्रम से दोनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है कुल मिलाकर रात के अंधेरे में तेज रफ्तार की वजह से हुए इस एक्सीडेंट में जान गंवाने वाले लोग यदि

## इंटर विलेज वॉलीबॉल चैंपियनशिप का समापन

### बोतराई और मिर्जापुर की टीमों ने जीता खिताबी मुकाबला, खिलाड़ियों में दिखा अभूतपूर्व उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया




माईसेम सीमेंट कंपनी द्वारा खेल और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित '*इंटर विलेज वॉलीबॉल चैंपियनशिप'* का समापन आज गरिमामय समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न गांवों की टीमों ने हिस्सा लिया, जिससे स्थानीय युवाओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार देखने को मिला। प्रतियोगिता का फाइनल मैच क्षेत्रीय नागरिकों की भारी उपस्थिति में खेला गया। मैदान खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों के उत्साह से सराबोर रहा। माईसेम सीमेंट के वरिष्ठ पदाधिकारियों, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। महिला वर्ग में विजेता मिर्जापुर गाँव की टीम, उपविजेता बोतराई ग्राम की टीम, पुरुष वर्ग में विजेता बोतराई ग्राम की टीम, उपविजेता माईसेम नरसिंगगढ़ की टीम बनी।

खिलाड़ियों के विशेष प्रदर्शन को देखते हुए निम्नलिखित श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए गए। बेस्ट सेटर सुजीत पटेल, बेस्ट अटैकर आशीष यादव, अमेजिंग प्लेयर सुधीर पटेल, बेस्ट प्लेयर (महिला वर्ग) रितिका पटेल बनी।

### सामुदायिक विकास की ओर एक कदम

माईसेम सीमेंट के पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना और उनमें टीम भावना विकसित करना है और माइसेम सीमेंट कंपनी हमेशा ऐसे समाज सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर है। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी कंपनी के इस प्रयास की सराहना की और विजेता व उपविजेता टीमों को ट्राफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस चैंपियनशिप ने न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में खेल संस्कृति को भी मजबूती प्रदान की है।

## बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता होलिका दहन



**दमोह**। टाईम्स पब्लिक स्कूल में होली पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य अजय मिश्रा एंव किडर गार्डन की समन्वयक श्रीमति सूर्या ठाकुर के द्वारा विद्यालय परिसर में विधि-विधान से होलिका दहन कर विद्यार्थियों को होली के महत्व को समझाया कि किस प्रकार यह पर्व बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य की जीत का त्यौहार है। साथ ही विद्यार्थियों को रासायनिक रंगों से दूर रहने एंव जल संरक्षण का संदेष दिया गया। स्कूल प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों को मिष्ठान, टोपी एंव मुखौटे वितरण किये गये। विद्यालय परिसर में उपस्थित सह संचालक महोदय प्रियांष गुप्ता , ओम गुप्ता के द्वारा विद्यार्थियों को सुरक्षितऔर पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्रओं व शिक्षकों ने बडे ही उत्सव में एक दूसरे की गुलाल लगाकर होली का पर्व मनाया। इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों एंव सामाजिक जागरूकता का विकास करते है। कार्यक्रम को सफल बनाने समस्त शिक्षकगण का सहयोग रहा है। इस का विस्तृत विडियो संस्था के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।

## तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत,बेटा गंभीर घायल

### तेजगढ़ थाना क्षेत्र के दिनारी के पास हुआ हादसा, पुलिस कर रही मामले की जांच

**तेन्दूखेड़ा**। रविवार की देर शाम तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिनारी गांव के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार शिक्षक की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। वह दसोदा मुकेश जैन पिपरिया की प्राथमिक शाला में पदस्त थे। जानकारी के अनुसार दिनारी निवासी 47 वर्षीय मुकेश जैन पिता जवाहरलाल जैन अपने 20 वर्षीय बेटे आयुष जैन के साथ दमोह आए थे। यहां वे अपने दूसरे बेटे अभिषेक जैन से मिलने पहुंचे थे। देर शाम दोनों बाइक से वापस अपने गांव दिनारी लौट रहे थे। जैसे ही वे दिनारी गांव के पास पहुंचे, तो सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि पिता-पुत्र सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों की मदद से दोनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने मुकेश जैन को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल आयुष जैन का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पिकअप चालक राजा को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है। शिक्षक की असमय मौत से परिजनों कारो-रोकर बुरा हाल है इस संबंध तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद ठाकुर ने बताया कि घटना शनिवार की शाम की पिकअप वाहन को जब्त कर कार्रवाई की जा रही है।

## जिन सहस्त्र नाम विधान से समोशरण विधान संपन्न

### हवन, श्री जी की पालकी शोभायात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



उमा मिस्त्री की तलैया में सकल जैन समाज द्वारा नन्हे मंदिर नवीन निर्माण कार्य हेतु आयोजित श्री अरिहंत चक्र 24 समवशरण महामंडल विधान में सातवें दिन जिन सहस्त्र नाम विधान के साथ भगवान के 1008 नामों के अर्घ्य चढ़ाए गए। विधान के अंतिम दिन मंगलवार को प्रातः बेला में 64 शांति धारा, विश्व शांति महायज्ञ एवं दोपहर में श्री जी की पालकी शोभायात्रा से आयोजन का समापन होगा। आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी की मंगल प्रेरणा एवं आशीर्वाद से उनके शिष्य मुनिश्री पदम सागर एवं छुलल्क श्री तात्पर्य सागर जी के सानिध्य में 3 मार्च तक चलने वाले 24 समोशरण श्री अरिहंत चक्र महामंडल विधान के सातवे दिन सोमवार को प्रातः बेला में श्री जी के अभिषेक उपरांत शांति धाराए संपन्न हुई। मुनि संघ के सानिध्य में प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी दीपक भैया, सुरेश शास्त्री, अभिषेक शास्त्री, रोहित भैया, मोनू भैया, स्वतंत्र भैया, अभिषेक भैया आदि के निर्देशन में जिन सहस्त्र नाम विधान पूजन करते हुए समोशरण में मुख्य पात्रों के साथ ध्वजारोहण करता परिवार एवं श्रावक श्रष्टि जनों ने अर्घ्य चढ़ाए। 24 गंधकुटी में पुण्यार्जक परिवारों ने तथा मुख्य मंच के समक्ष इंद्र इंद्राणियों ने अर्घ्य समर्पित किये। आज भी अनेक मंदिरों से द्रव्य सामग्री लेकर श्रावक जन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे वहीं नन्हे मंदिर निर्माण कार्य हेतु एवं चौबीसी में प्रतिमा हेतु घोषणाएं करके मुनि श्री का पाद प्रच्छालन करके दान दाताओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। आज पूर्व विधायक अजय टंडन कुंडलपुर कमेटी के अध्यक्ष चंद्र कुमार सराफ, महामंत्री आरके जैन, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रतन चंद जैन एवं सतीश जैन सहित अनेक भक्तों ने मुनि श्री को श्रीफल भेंट किया तथा विधान कमेटी द्वारा उनका सम्मान किया गया। संध्या आरती का सौभाग्य युवा वर्ग को प्राप्त हुआ। आज भी समवशरण से मुनि श्री पदम सागर जी के साथ छुलल्क श्री तात्पर्य सागर जी की दिव्य देशना संपन्न हुई। मुनिश्री ने विधान समापन पर मंगलवार को सुबह होने वाली 64 रिद्धि शांति धारा में शामिल होने तथा दोपहर में श्री जी की पालकी यात्रा में सकल जैन समाज को शामिल होने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। विधान समिति के संयोजक महेश दिगंबर ने बताया कि 64 शांति धारा हेतु अधिकांश नाम आ चुके हैं तथा सुबह ठीक 7:00 बजे शांति धारा प्रारंभ हो जाएगी।

8:00 से नित्य पूजन आचार्य श्री पूजन जिनवाणी पूजन तथा 9:00 बजे से विश्व शांति महायज्ञ हवन प्रारंभ होगा दोपहर 12:30 बजे से कार्यक्रम स्थल से श्री जी की पालकी शोभायात्रा प्रारंभ होगी। जो कार्यक्रम स्थल उमा मिस्त्री की तलैया से प्रारंभ होकर घंटाघर श्रीनगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए नन्हे मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी जहां श्री जी के अभिषेक पूजन उपरांत विभिन्न मंदिरों की जिन बिंबो का विहार होगा।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद हटा जिला दमोह (म. प्र.)**

क्रमांक/राजस्व./न.पा./ 2026 / 6424 **इस्ताहार म्यादी 30 दिवस** हटा, दिनांक 2/3/26

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका परिषद हटा में म.प्र. नगरपालिका अधिनियम अचल संपत्ति का अंतरण नियम 2016 यथा संसोधित 2021 कंडिका 4 में पट्टे पर दी गई अचल संपत्ति नामांतरण मकान / फौती नामांतरण के संबंध मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मय लिखित प्रमाण के 30 दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, म्याद समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति विचारणीय नही होगी व प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर नामांतरण कर दिया जावेगा । आम नागरिकों को सूचित किया जाता है, निकाय में निम्नानुसार दुकानदारों के आवेदन प्राप्त हुये है ।

| क्रं. | दुकान का स्थान | दुकान क्रमांक | हस्तांतरकर्ता का नाम | नामांतरण हेतु आवेदनकर्ता का नाम | प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बड़ा बाजार शापिंग काम्लेक्स हटा | 07 | अनिल कुमार जैन पिता कसतूरचंद्र जैन निवासी विवेकानंनद कालोनी दमोह | देवेन्द्र जैन पिता बलीराम जैन निवासी कमला नेहरु वार्ड हटा | लीज नामांतरण |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह म.प्र.

**कार्यालय नगरपालिका परिषद हटा - जिला दमोह (म. प्र.)**
Email-cmohatta@mpurban.gov.in Ph-07604-262237

क्रमाक / न. पा. हटा / 2026 / 1958 **/ / द्वितीय ई- ऑफर आमंत्रण सूचना //** हटा, दिनांक 02.03.2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् हटा जिला दमोह के स्वामित्व की वार्ड क्र. 15 में अम्बेडकर भवन के सामने कमला नेहरु पार्क की बाऊड्री बाल के पास नवीन निर्मित 30 दुकाने स्वयं के व्यवसायिक उपयोग के लिये 30 वर्ष की अवधि के लिये अस्थाई पट्टे / लीज पर दिये जाने हेतु प्रिरक्षित राशि ( वापिस के अयोग्य) के लिये ई-टेण्डर द्वारा दिनांक 03.03.2026 को प्रातः 10 :30 बजे से दिनांक 18.03.2026 को समय शाम 5 :30 बजे तक नगर पालिका परिषद् हटा जिला दमोह द्वारा निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन www.mptenders.gov.in पर ऑफर्स आमंत्रित किये जाते है।

/ / किराये पर दी जाने वाली दुकानो का विवरण / /

| क्र. | ई-टेण्डर क्रमांक | दुकान पहचान क्रं. | दुकान का क्षेत्रफल (वर्ग मीटर में) | न्यूनतम निर्धारित आरक्षित राशि | निक्षेप (अमानत राशि) | ऑफर प्रपत्र का मूल्य | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_486912_1 | 7 | 12 | 468279.00 | 11800.0 | 2000.00 | अनारक्षित |
| 2 | 2026_UAD_486913_1 | 20 | 12 | 468279.00 | 11800.0 | 2000.00 | अनारक्षित |

1. निविदा प्रपत्र अनिवार्य शर्त एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को मध्यप्रदेश के ई-निविदा पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. टेण्डर डाक्यूमेंट दिनांक 03.03.2026 प्रातः 10 :30 बजे से दिनांक 18.03.2026 समय शाम 5 :30 बजे तक सिर्फ ऑनलाइन क्रय किये जा सकते है तथा ऑनलाइन निविदा 18.03.2026 को शाम 5 :30 बजे तक जमा कर सकते है । 3. ऑनलाइन मेन्डेटरी दस्तावेज दिनांक 20.03.2026 प्रात 11 :00 बजे से खोले जावेगे । 4. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर सिर्फ ऑनलाइन बेवसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नही । 5. शासन नियम एवं निर्देशानुसार जी.एस.टी लागू होगा । 6. आरिक्षत वर्ग के लिये जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य है जो कि ऑनलाईन ही अन्य दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जाति प्रमाण पत्र की अनुपस्थिति में आवेदक को अपात्र माना जावेगा । 7. ऑफरदाता व्यक्तिगत नाम से आवंटन प्रक्रिया में भाग लेवें। फर्म अथवा कम्पनी के नाम से आवेदन करने पर ऑफर निरस्त कर दिया जावेगा एवं विचार योग्य नही होगा ।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद्
हटा जिला दमोह

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद्
हटा जिला दमोह